हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 24 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2021


## अवैध निर्माण के खिलाफ CM ठाकरे सख्त, बीएमसी को दिया निर्देश



**मुंबई**: महानगर में गैरकानूनी निर्माण को लेकर सरकार ने एक बार फिर गंभीरता दिखाई है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आदेश देते हुए कहा कि किसी के दबाव में आए बिना गैरकानूनी निर्माण पर तत्काल कारवाई करें। शहर की सफाई पर ध्यान दें। देखा गया है कि पूर्व और पश्चिम राजमार्गों पर भी बड़ी संख्या में मलबा डाला जाता है, और ऐसा करने वालों के खिलाफ तत्काल कारवाई करें।


मुंबई महानगर के विकास कार्य से संबंधित एक बैठक मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने ली। बैठक में बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल, वॉर्ड के सहायक आयुक्त, विभाग के उपायुक्त, बीएमसी अस्पतालों के प्रमुख के अलावा कोविड टास्क फोर्स के सदस्य भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मुंबई में अनधिकृत निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वॉर्ड अधिकारी सख्ती से कारवाई करें अगर उसपे कोई बाधा डालेगा उसपें सख्ती से कार्यवाई कि जायेगी सोच-समझकर और सख्ती से तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई में सड़क मरम्मत की निविदा प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से की जाए और किसी को भी उंगली उठाने का मौका नहीं दिया जाए। सड़क, फुटपाथ की साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं पर पूरा ध्यान केंद्रित कर समय से काम पूरा करने और मुंबई को आदर्श शहर बनाने पर पूरा ध्यान दिया जाए।

## अदालत ने 30 अक्टूबर तक बढ़ाई आर्यन खान की न्यायिक हिरासत



**मुंबई**: एनडीपीएस की विशेष अदालत ने क्रूज शिप पर ड्रग्स पाए जाने के मामले में गिरफ्तार किए गए अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की न्यायिक हिरासत 30 अक्टूबर तक बढ़ा दी है. आर्यन खान के साथ पकड़े गए अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा की न्यायिक हिरासत को भी बढ़ा दिया गया है. इससे पहले बुधवार को विशेष अदालत ने आर्यन खान को जमानत देने से इनकार कर दिया था. इसके तुरंत बाद आर्यन खान और धमेचा के वकीलों ने जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया. खान की जमानत याचिका पर बंबई उच्च न्यायालय 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगा. आर्यन खान के वकील सतीश मानशिंदे ने शुक्रवार को न्यायमूर्ति एन डब्ल्यू साम्ब्रे की एकल पीठ के समक्ष याचिका पेश की और उस पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया. वहीं, नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने अगले सप्ताह तक का समय मांगा. न्यायमूर्ति एन डब्ल्यू साम्ब्रे ने इसके बाद सुनवाई के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की. अदालत, उस दिन इसी मामले में गिरफ्तार फैशन मॉडल मुनमुन धमेचा की जमानत याचिका पर भी सुनवाई करेगी.



# शिवसेना सांसद भावना गवली फिर नहीं पहुंचीं ईडी के सामने, मांगी मोहलत

**मुंबई।** शिवसेना सांसद भावना गवली फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने आने से कतरा गई हैं। ईडी ने उन्हें मनी लांड्रिंग के एक मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा था। भावना गवली के वकील ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि उन्हें चिकनगुनिया हो गया है, जिसका मेडिकल प्रमाणपत्र देते हुए भावना गवली ने ईडी के सामने पेश होने के लिए करीब 15 दिन की मोहलत मांगी है। भावना गवली यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र से शिवसेना की सांसद हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने कुछ सहयोगियों की मदद से महिला उत्कर्ष प्रतिष्ठानम नामक एक न्यास को एक कंपनी में परिवर्तित कर इसमें जमा करोड़ों रुपयों की निकासी की है। इस मामले ईडी ने इसी वर्ष सितंबर में उनके एक सहयोगी सईद खान को पीएमएलए एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। कोर्ट से सईद की हिरासत मांगते हुए ईडी ने आरोप लगाया था कि भावना गवली ने उसकी मदद से धोखाधड़ी करके न्यास को एक निजी कंपनी में बदला और करीब 18 करोड़ रुपये हड़प लिए हैं। गौरतलब है कि इसी मामले में ईडी भावना गवली से पूछताछ करना चाहती है। इसके लिए ईडी ने पहले चार सितंबर को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था। भावना गवली ने तब भी व्यस्तता का हवाला देकर ईडी के सामने आने से इन्कार कर दिया था। जबकि भावना गवली के वकील का कहना है कि इस मामले में रिपोर्ट खुद भावना गवली की तरफ से दर्ज कराई गई है। पुलिस भावना गवली के इस मामले में आरोपपत्र भी पेश कर चुकी है। जबकि ईडी ने इस मामले में अदालत में कहा है कि उसकी जांच में सात करोड़ रुपये नगदी की चोरी और 18.18 करोड़ रुपये की हेराफेरी की बात सामने आ रही है। ईडी के अनुसार, जिस न्यास को निजी कंपनी में बदला गया है, उसके निदेशकों में सईद खान व भावना गवली की शालिनीताई गवली शामिल हैं।




## पत्नी से मारपीट के बाद गुस्से में शख्स ने घर में लगाई आग



**मुंबई.** क्या आपने कभी ऐसा सुना है कि पति-पत्नी के बीच झगड़े का का नुकसान उसके पड़ोसियों ने भी झेला हो, नहीं ना! लेकिन ऐसा हुआ है. महाराष्ट्र में पति और पत्न ी में हुए झगड़े का खामियाजा उसके पड़ोसियों को उठाना पड़ गया. बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में व्यक्ति ने अपने घर को आग के हवाले कर दिया, जिसने वहां के आसपास के दस घरों को भी अपनी जद में ले लिया. महाराष्ट्र के मझगांव में हुई इस घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि किसी बात पर संजय पाटिल का अपनी पत्नी पल्लवी से झगड़ा हो गया और देखते-ही-देखते मामला मारपीट तक जा पहुंचा. इसी दौरान शख्स ने गुस्से में अपना आपा खो दिया और घर में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी. आग ने तुरंत ही अपना रौद्र रूप दिखाया और संजय के घर के साथ ही पड़ोस के करीब 10 घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया. अरुणाचल में सेना की एविएशन ब्रिगेड स्थापित, चीन के हर मूवमेंट पर रहेगी नजर पुलिस का कहना है कि आग लगने की इस घटना में करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है.

## आतंकी घटनाओं पर शिवसेना नेता संजय राउत का फूटा गुस्सा कहा- हालात काफी खराब

**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने बीते कई दिनों से कश्मीर में हो रही आतंकी घटनाओं पर प्रतिकिया देते हुए कहा कि आतंकी लगातार आम लोगों को निशाना बना रहे हैं। राज्य में हालात काफी खराब हैं, यहां बिहार के लोगों, सिखों और कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया जा रहा है। जब पाकिस्तान की बात होती है, तो आप सर्जिकल स्ट्राइक की बात करते हैं। फिर, यह चीन के लिए भी किया जाना चाहिए... रक्षा मंत्री और गृह मंत्री को देश को बताना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में क्या स्थिति है। गौरतलब है कि रविवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम इलाके में आतंकियों ने दो लोगों की हत्या कर दी थी। ये लोग बिहार के रहने वाले थे और वहां मजदूरी करते थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन लोगों की हत्या पर गहरा दुख प्रकट किया था। इसे लेकर उन्होंने जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल से फोन पर चर्चा भी की थी। सीएम नीतिश कुमार ने आतंकी हमले में मारे गए बिहार के राजा ऋषिदेव और योगेंद्र के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर देने का ऐलान भी किया था। राज्य के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का कहना है कि जब वो यहां के राज्यपाल थे.



# मुंबई में करोड़ों की ड्रग्स तस्करी का राजस्थान कनेक्शन, 22 करोड़ की ड्रग्स बरामद



**मुंबई.** मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी नॉरकोटिक्स शाखा ने सायन इलाके में बड़ी छापेमारी करते हुए 22 करोड़ की हेरोइन ड्रग्स बरामद की है. इस बरामदगी के साथ एक महिला ड्रग्स सप्लायर को भी गिरफ्तार किया गया है, जो मुंबई के बड़े ड्रग्स सप्लायरों में से एक है. एंटी नॉरकोटिक्स शाखा की अब तक जांच में यह सामने आया है कि आरोपी महिला एक बड़ा ड्रग्स रैकेट चलाती है.दरअसल एंटी नॉरकोटिक्स शाखा की घाटकोपर यूनिट को गोपनीय सूत्रों से जानकारी मिली थी कि ड्रग्स का कारोबार करने वाले कई गैंग ट्रेनों और बसों के जरिए राजस्थान से मुंबई में न सिर्फ हेरोइन की खेप मंगवा रहे हैं, बल्कि बड़े स्तर पर अलग-अलग इलाकों में सप्लाई भी कर रहे हैं. मिले सुराग के आधार पर जांच के दौरान एंटी नॉरकोटिक्स शाखा को जानकारी मिली कि सायन इलाके में ड्रग्स की बड़ी खेप सप्लाई के लिए आने वाली है. जानकारी मिलते ही फौरन ट्रैप लगाया गया और 22 करोड़ की ड्रग्स के साथ आई महिला को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार महिला का नाम अमीना शेख है, जो पहले पति के लिए ड्रग्स लाती थी. दो बार पकड़े जाने के बाद जेल गई और वहां लोगों के संपर्क में आने के बाद पिछले 10 सालों से ड्रग्स सप्लाई का कारोबार कर रही है. एंटी नॉरकोटिक्स शाखा के डीसीपी दत्ता नलावाड़े ने बताया कि ड्रग्स के खिलाफ मुंबई पुलिस ने एक अभियान चला रखा है. इसी अभियान के तहत घाटकोपर यूनिट को जानकारी मिली थी कि ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ महिला सायन इलाके में आने वाली है. जानकारी मिलते ही ट्रैप लगाया गया और महिला को 22 करोड़ की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया. यह महिला पिछले 10 सालों से ड्रग्स का कारोबार कर रही थी. आरोपी महिला अमीना शेख ड्रग्स सप्लाई का रैकेट चलाती है और इस रैकेट का सीधा कनेक्शन राजस्थान से है. एंटी नॉरकोटिक्स शाखा के मुताबिक मुंबई में बैठकर यह महिला ड्रग्स का सिंडिकेट चला रही थी, जो राजस्थान तक फैला हुआ था. इस सिंडिकेट से जुड़े लोग राजस्थान के प्रतापगढ़, झालावाड़, चित्तौड़गढ़ से ट्रेनों और बसों के जरिए ड्रग्स खेप को मुंबई भेजते थे. इस दौरान यह गैंग पूरी गोपनीयता बरतता था. ट्रेनों या बसों से जो शख्स ड्रग्स की खेप लेकर मुंबई आता था, उस पर नजर रखने के लिए दो लोग अलग से होते थे. ड्रग्स पहुंचाने वाले को भी 1-2 लाख रुपये दिए जाते थे. एंटी नॉरकोटिक्स शाखा यह पता लगाने में जुटी हुई है कि इतना बड़ी मात्रा में ड्रग्स की सप्लाई कहां की जानी थी और कौन-कौन से लोग इसमें शामिल हैं.

## कोरोना पाबंदी में राहत, अब महाराष्ट्र में आधी रात तक खुल सकते हैं, रेस्टोरेंट और होटल



**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने सभी रेस्तरां और भोजनालय को आधी रात तक संचालन की अनुमति दे दी. राज्य के मुख्य सचिव सीताराम कुंते द्वारा मंगलवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई. मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एक दिन पहले ही राज्य के कोविड कार्य बल के साथ बैठक कर अधिकारियों को रेस्तरां और दुकानों के संचालन के घंटे बढ़ाने संबंधी दिशानिर्देश तैयार करने के निर्देश दिए थे. अधिसूचना में कहा गया, सभी रेस्तरां और भोजनालयों को मध्यरात्रि 12 बजे तक संचालन की अनुमति दी जाती है और अन्य प्रतिष्ठान जिन्हें संचालन की अनुमति दी गई है, वे रात 11 बजे तक संचालन कर सकते हैं. राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर से मनोरंजन उद्यान, सिनेमाघर और रंगमंच को खोलने की अनुमति दे दी. हालांकि, मनोरंजन पार्क में वाटर राइड की अभी अनुमति नहीं दी गई है. महाराष्ट्र में सोमवार को कोविड-19 के 1,485 नए मामले सामने आए, जो कि पिछले 17 महीने में सबसे कम है. संक्रमण से 27 लोगों की मौत हुई. इसके साथ ही राज्य में कुल संक्रमितों और मृतकों की संख्या बढ़कर क्रमशः 65,93,182 और 1,39,816 हो गई.

## BMC चुनाव से पहले शिवसेना ने किया बड़ा दावा, BJP को लग सकता है झटका




**मुंबईः** मुंबई में बृहन्मुंबई महानगर पालिका चुनाव की सुगबुगाहट अभी से शुरू हो चुकी है. देश की सबसे अमीर महानगर पालिका बीएमसी का चुनाव अगले साल 2022 में फरवरी में होना है. अभी से बीएमसी चुनावों को लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियों में चर्चा शुरू हो गई है. इसी सिलसिले में बीएमसी पर कई सालों से राज कर रही शिवसेना ने बड़ा दावा किया है.बीएमसी में स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन और शिवसेना नेता यशवंत जाधव ने दावा किया है कि बीजेपी के 15 से 20 नगरसेवक शिवसेना के संपर्क में है. शिवसेना नेता यशवंत जाधव ने यह भी दावा किया है कि वे सभी बीजेपी से खुश नहीं हैं. इस मुद्दे पर बीएमसी स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन और शिवसेना नेता यशवंत जाधव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह जानकारी दी. जिसके बाद बीजेपी की प्रतिक्रिया आना लाजिमी था. बीजेपी की तरफ से विनोद मिश्रा का कहना है कि शिवसेना नेता यशवंत जाधव ने दिवाली से पहले एक फुस्का बम छोड़ा है कि बीजेपी के नगरसेवक शिवसेना के संपर्क में है. यह गलत है. शिवसेना ने कोरोना के समय कितने घोटाले किए हैं, उस पर बात करें. बता दें कि बीएमसी में कुल 227 सीटें हैं. माना जा रहा है की सभी बड़ी राजनीतिक पार्टियां बीएमसी के सभी 227 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का विचार बना रही हैं. महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी की सरकार है, जिसमें शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी हैं. लेकिन सूत्रों के मुताबिक सभी पार्टियां बीएमसी में अकेले चुनाव लड़ने के विचार में हैं.



## संपादकीय

संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला

# कांग्रेस और कैप्टन आए आमने-सामने

आखिरकार कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नई पार्टी बनाने की घोषणा कर दी। इस पर हैरानी नहीं। वह इसके स्पष्ट संकेत पहले ही दे चुके थे। उनकी पार्टी का रूप-स्वरूप चाहे जो हो, यह तय है कि वह पंजाब में कांग्रेस को और कमजोर करने का काम करेगी। इस राज्य में कुछ समय पहले तक कांग्रेस ठीक-ठीक स्थिति में नजर आ रही थी, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने अमरिंदर सिंह को अपमानजनक ढंग से मुख्यमंत्री पद से हटाकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। उसने नवजोत सिंह सिद्धू की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अमरिंदर सिंह को किनारे किया, लेकिन इसमें नाकाम ही रही।सिद्धू की महत्वाकांक्षा शांत होने का नाम नहीं ले रही है। वह मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को अपने हिसाब से चलाने के लिए जैसी कोशिश कर रहे हैं, उससे कांग्रेस का संकट और बढ़ेगा ही। रही-सही कसर अमरिंदर सिंह की नई पार्टी पूरा करेगी। यह स्वाभाविक है कि अमरिंदर सिंह की पार्टी पंजाब तक केंद्रित रहेगी, लेकिन यह भविष्य ही बताएगा कि वह शरद पवार, ममता बनर्जी और जगनमोहन रेड्डी की तरह कामयाब होंगे या नहीं? निःसंदेह अमरिंदर सिंह राष्ट्रवादी विचारों वाले नेता हैं और देश की सुरक्षा समेत अन्य राष्ट्रीय मसलों पर अपने नपे-तुले विचार बेबाकी से रखते हैं, लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि मुख्यमंत्री के रूप में वह पंजाब की कई समस्याओं का हल नहीं कर सके। वह न तो नशे की समस्या से पार पा सके और न ही खेती-किसानी के गंभीर होते संकट को सुलझा सके। यह सही है कि वह लंबा अनुभव रखने वाले कद्दावर नेता हैं और अपने राजनीतिक विरोधियों को सबक सिखाने के इरादे से लैस हैं, लेकिन अब जब विधानसभा चुनाव में अधिक समय नहीं रह गया है, तब किसी नए दल को मजबूती से खड़ा करना आसान नहीं। इसके बाद भी यह साफ है कि वह कांग्रेस के वोट काटने का तो काम करेंगे ही। शायद इसका आभास कांग्रेस को भी है। वह उन पर भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर चलने का आरोप लगा रही है, लेकिन क्या यह वही कांग्रेस नहीं, जिसने भाजपा से आए नवजोत सिंह सिद्धू को प्राथमिकता देते हुए तमाम फैसले उनके ही मन मुताबिक लिए। इन फैसलों ने उसका बेड़ा गर्क करने का ही काम किया। अमरिंदर सिंह ने संकेत दिए हैं कि यदि कृषि कानून विरोधी आंदोलन का समाधान हो जाए तो वह भाजपा से भी गठबंधन कर सकते हैं, लेकिन यह विस्मृत नहीं कर सकते कि अपने राजनीतिक फायदे के लिए उन्होंने इस आंदोलन को न केवल हवा दी, बल्की आंदोलनकारियों को दिल्ली जाने के लिए भी उकसाया।


# क्या पंजाब में हथियार कश्मीर के लिए गिराए जा रहे हैं?

*जम्मू-कश्मीर में बॉर्डर पर जमीन के साथ ही आसमान में भी चौकसी है इसलिए पाकिस्तान पंजाब में ड्रोन के जरिए हथियार गिरा रहा है. पंजाब में ड्रोन से गिराए गए हथियारों के कश्मीर कनेक्शन का शक इसलिए जताया जा रहा है क्योंकि पहले पाकिस्तान कश्मीर में भी ड्रोन से हथियार गिरा था. पंजाब से कश्मीर तक पाकिस्तान के ड्रोन लगातार आतंकियों के लिए हथियार की खेप पहुंचा रहे हैं.इसी साल 3 अक्टूबर को जम्मू के सौजन गांव में ड्रोन से हथियार गिराए गए थे. सौजन में अङ-47, 3 मैगजीन, 30 गोलियां और नाइट विजन डिवाइस गिराए गए थे. 9 अगस्त को अमृतसर में पाकिस्तान से आए ड्रोन ने हथियार गिराए थे. अमृतसर में हैंड ग्रेनेड, टिफिन बम, क्एऊऔर कारतूस गिराए गए थे. 12 जून को अमृतसर के सुंदरगढ़ में पाकिस्तानी ड्रोन दिखा था.*




पाकिस्तान में बैठे आतंकी और उनके सरपरस्त जम्मू-कश्मीर में पंजाब के रास्ते हथियारों की सप्लाई की साजिश रच रहे हैं. पंजाब में लगातार पाकिस्तान की तरफ से आए ड्रोन दिख रहे हैं. ये ड्रोन पंजाब में हथियार गिरा रहे हैं. पिछले कुछ दिनों में कई बार पंजाब में ड्रोन से गिराए गए हथियारों की बड़ी खेप बरामद की गई है. सुरक्षा विशेषज्ञों को आशंका है कि पंजाब में गिराई गई हथियारों की ये खेप कश्मीर में सप्लाई होनी थी. आशंका जताई जा रही है कि अपने स्पीलर सेल नेटवर्क के जरिए आतंकी सरगना पंजाब में गिराए गए हथियारों को जम्मू-कश्मीर के आतंकियों तक पहुंचाने की साजिश रच रहे हैं. पंजाब से पकड़ी गई हथियारों की ये खेप क्या कश्मीर में कोहराम की साजिश के लिए भेजी गई थी? ये पिस्टल क्या कश्मीर में टारगेट किलिंग के लिए गिराई गई थी? ये हथियार भारत में दहशतगर्दी फैलाने के लिए पाकिस्तान कनेक्शन का सीधा सबूत हैं. कश्मीर में दहशतगर्दी के लिए जिस पिस्टल किलिंग को अंजाम दिया जा रहा है पंजाब में पकड़े गए हथियार उसी साजिश की गवाही दे रहे हैं. सूत्रो के मुताबिक, बॉर्डर पर सख्ती के बाद अब आतंकियों को हथियार की सप्लाई पंजाब के रास्ते भी हो रही है. पंजाब के काउंटर इंटेलिजेंस और बीएसएफ ने साझे ऑपरेशन में हथियारों और नशीले पदार्थों का जखीरा जब्त किया. इस जखीरे में 22 पिस्टल, 44 मैग्जीन, 100 राउंड गोलियां, एक किलो हेरोइन, 72 ग्राम अफीम शामिल थी. बॉर्डर पार से ये हथियार ड्रोन के पंजाब में गिराए गए.दरअसल जम्मू-कश्मीर में बॉर्डर पर सख्ती बढ़ने के बाद आतंकियों को हथियारों की सप्लाई नहीं हो रही है. आतंक के आका इससे बौखलाए हुए हैं. सुरक्षा विशेषज्ञों का दावा है कि इस बौखलाहट में पिस्टल जैसे छोटे हथियार को दहशतगर्दों ने आतंक का नया औजार बनाया है. कश्मीर में हो रही टारगेट किलिंग में इन्हीं पिस्टल का ही इस्तेमाल हो रहा है. जम्मू-कश्मीर में बॉर्डर पर जमीन के साथ ही आसमान में भी चौकसी है इसलिए पाकिस्तान पंजाब में ड्रोन के जरिए हथियार गिरा रहा है. पंजाब में ड्रोन से गिराए गए हथियारों के कश्मीर कनेक्शन का शक इसलिए जताया जा रहा है क्योंकि पहले पाकिस्तान कश्मीर में भी ड्रोन से हथियार गिरा था. पंजाब से कश्मीर तक पाकिस्तान के ड्रोन लगातार आतंकियों के लिए हथियार की खेप पहुंचा रहे हैं.इसी साल 3 अक्टूबर को जम्मू के सौजन गांव में ड्रोन से हथियार गिराए गए थे. सौजन में अङ-47, 3 मैगजीन, 30 गोलियां और नाइट विजन डिवाइस गिराए गए थे. 9 अगस्त को अमृतसर में पाकिस्तान से आए ड्रोन ने हथियार गिराए थे. अमृतसर में हैंड ग्रेनेड, टिफिन बम, क्एऊ और कारतूस गिराए गए थे. 12 जून को अमृतसर के सुंदरगढ़ में पाकिस्तानी ड्रोन दिखा था. 25 सितंबर को तरनतारन में 7 से आठ बार पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया. तरनतारन में ड्रोन से रायफल, पिस्तौल, हैंड ग्रेनेड और सैटलाइट फोन गिराए गए. 26 जून 2021 को जम्मू एयरफोर्स स्टेशन पर ड्रोन से अटैक हुआ था. देश में पहली बार सैन्य ठिकाने पर ड्रोन से हमला हुआ. 23 जुलाई 2021 को कनाचक इलाके में पाकिस्तानी ड्रोन आया था. सुरक्षाबलों ने ड्रोन को मार गिराया. 6 अगस्त को जम्मू के सांबा में बब्बर नाले से हथियार बरामद किया गया था. यहां 5 अगस्त को पाकिस्तानी ड्रोन दिखा था. 19 सितंबर 2020 को राजौरी में पाकिस्तान से आए ड्रोन ने तय जगह पर हथियार गिराए थे. पाकिस्तान से लगती सीमा पर जब से चौकसी बढ़ी है पाकिस्तान आतंकियों को ड्रोन के जरिए हथियार सप्लाई करने की कोशिश कर रहा है.

# कोविड टीकाकरण में देश ने पार किया सौ करोड़ का आंकड़ा, सीएम योगी आदित्यनाथ ने की लाभार्थियों से भेंट



**लखनऊः** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ जंग में बड़ा हथियार बने कोरोना वायरस टीकाकरण में गुरुवार को भारत ने सौ करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दस महीने में सौ करोड़ के टीकाकरण पर बधाई देने के साथ ही उनका आभार भी जताया। सीएम योगी आदित्यनाथ इस बड़े अवसर पर गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर, निरालानगर में स्थापित कोरोना वायरस टीकाकरण केन्द्र पर भी गए। वहां पर उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकताओं और लाभार्थियों से मुलाकात करने के साथ उनका अनुभव भी प्राप्त किया। भारत में 100 करोड़ कोरोना वैक्सीनेशन के आंकड़े को पार करने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के सरस्वती शिशु मंदिर में जाकर वैक्सीनेशन ड्राइव का जायजा लिया। उन्होंने वहां पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को भी सम्मानित किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर ट्वीट भी किया। उन्होंने कहा कि देश में अब तक रिकॉर्ड सौ करोड़ कोविड टीके का सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है।




## बिहारीपन को अपनी पहचान बताते हैं - राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद



पटना। बिहारीपन को अपनी पहचान बताने वाले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करीब चार साल बाद बुधवार को अपने बिहार पहुंचे। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका दूसरा और सबसे लंबा बिहार दौरा है। यूं तो वह बिहार विधानसभा भवन के शताब्दी समारोह में शामिल होने आए हैं। इसके अलावा वे पटना के महावीर मंदिर और पटना साहिब गुरुद्वारा भी जाएंगे। राष्ट्रपति बुधवार की दोपहर एक बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचे और शुक्रवार की सुबह 11 बजकर पांच मिनट पर दिल्ली वापसी करेंगे। इस दौरान करीब 46 घंटे तक वे राजधानी में अपना वक्त गुजारेंगे। बिहार के जिस राजभवन में रहते हुए उन्हें राष्ट्रपति बनने का सौभाग्य मिला, उसी राजभवन में उनके ठहरने की व्यवस्था की गई है। बिहार विधानसभा शताब्दी समारोह के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ठीक एक बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचे। वहां राज्यपाल फागू चौहान, विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित कई मंत्रियों व नेताओं उनका स्वागत किया।

## लखनऊ के हुसैनगंज में भी है मुख्तार अंसारी की पत्नी की संपत्ति,

### आजमगढ़ पुलिस ने मांगी रिपोर्ट



**लखनऊः** अपराध जगत से अर्जित की गई विधायक और माफिया मुख्तार अंसारी की संपत्तियों पर पुलिस की निगाह तेज होती जा रही है। लखनऊ के साथ ही आजमगढ़ पुलिस भी संपत्तियों का पता कर रही है। फिलहाल आजमगढ़ पुलिस को माफिया की पत्नी आयशा अंसारी की एक और संपत्ति का पता चला है। यह संपत्ति हुसैनगंज क्षेत्र में हैं। मुख्तार की बेनामी संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया के तहत ही ऐसा किया जा रहा है। मुख्तार के खिलाफ आजमगढ़ के तरवां थाने में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण 1986 की धारा में मुकदमा दर्ज है और उसी मुकदमे ही संपत्ति का पता किया जा रहा है।जांच के दौरान ही पुलिस को मुख्तार की कई बेनामी संपत्तियों का भी पता चला था। आजमगढ़ पुलिस की जांच में पता चला है कि यह संपत्ति हुसैनगंज के बरफखाना में है, जो 2078 वर्गफीट में है। हुसैनगंज जैसे क्षेत्र में होने के कारण उसकी कीमत भी कई करोड़ बताई जा रही है। अब आजमगढ़ पुलिस से मिली इस जानकारी को जुटाने के लिए नगर निगम, एलडीए और सदर एसडीएम से अभिलेख मांगे गए हैं। आजमगढ़ पुलिस की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संपत्ति का बैनामा मुख्तार अंसारी ने अपनी पत्नी के नाम कराया था।

बहराइच में पुत्र को बचाने के लिए छह माह की बच्ची के साथ तालाब में उतरी मां, पीछे दौड़े दो बच्चे, तीन की मौत हुसैनगंज शहर का पुराना मोहल्ला है, लिहाजा अभिलेख तलाशने में अधिकारियों के पसीने आ रहे हैं।

## प्रियंका गांधी वाड्रा की घोषणा


### यूपी में कांग्रेस की सरकार बनने पर छात्राओं को देंगे स्मार्ट फोन व इलेक्ट्रानिक स्कूटी




लखनऊः उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मुख्यधारा में लाने के लिए गंभीर रूप से प्रयासरत पर पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बेहद सक्रिय हो गई हैं। उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी ने पार्टी का घोषणा पत्र तैयार होने से पहले ही छात्राओं के लिए बड़ी घोषणा कर दी है। लखनऊ से आगरा जाते समय बुधवार को महिला पुलिसकर्मियों के साथ सेल्फी लेने और 1090 चौराहे के पास चोटिल छात्रा की मरहम पट्टी करने के बाद गुरुवार को प्रियंका गांधी वाड्रा ने बड़ा कदम बढ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में 40 प्रतिशत सीट महिलाओं को देने की घोषणा करने के बाद अब उन्होंने छात्राओं के लिए मनभावन वादा किया है।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को एक ट्वीट किया। जिसमें उन्होंने कहा कि कल मैं कुछ छात्राओं से मिली। सुरक्षा के लिए स्मार्टफोन की जरूरत है। मुझे खुशी है कि घोषणा समिति की सहमति से आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि सरकार बनने पर इंटर पास लड़कियों को स्मार्टफोन और स्नातक लड़कियों को इलेक्ट्रानिक स्कूटी दी जाएगी। कांग्रेस इसको शीघ्र ही लागू भी कर देगी।

## कविता




# कहै कबीर दीवाना-ओशो

इसलिए कोई तुम्हें कंजूस कह दे तो बड़ी चोट लगती है। भला तुम कंजूस हो, लेकिन कंजूस कोई कह दे, तो बड़ा आघात लगता है, कंजूस है, कंजूस को भी अलग है। इससे बड़ी गाली नहीं मालूम होती, कि कोई तुम्हें कृपण कह दे। क्यों? क्योंकि कृपण का अर्थ है, तुम वस्तुओं के प्रेम में पड़े हो। वस्तुएं तुमसे नीचे हैं। तुम आत्मवान हो। तुम अपने से नीचे के प्रेम में पड़े हो। और यह बात कोई स्वीकार करने को राजी नहीं होता कि मैं वस्तुओं के प्रेम में पड़ा हूं। वस्तुओं के प्रेम का अर्थ है कि तुम्हारी आत्मा नीचे झुक रही है। वस्तुओं के प्रेम का अर्थ है कि तुम अपनी आत्मा खो रहे हो। क्योंकि जहां तुम्हारा प्रेम होगा, वहीं तुम्हारी आत्मा होगी। जहां तुम्हारा प्रेम होगा, वहीं तुम्हारा हृदय धड़केगा। जो व्यक्ति वस्तुओं को प्रेम करता है, वह धीरे-धीरे वस्तुओं जैसा हो जाते है। क्योंकि प्रेम बड़ा रूपांतरण करनेवाला तत्व है। तुम जिसे प्रेम करते हो, उसी जैसे हो जाती हो।तुमने कभी खयाल किया कि दो व्यक्ति अगर एक दूसरे को प्रेम करते हैं तो धीरे-धीरे उनमें एक दूसरे की छवि दिखाई पड़ने लगती है। **जारी....**

# क्या डायबिटीज में सीताफल (शरीफा) खा सकते हैं?

सीताफल या शरीफा एक मीठा फल है जिसे खाना लोग बेहद पसंद करते हैं। ये फल कई पौष्टिक गुणों से भरपूर है। इसमें कुछ एंटीऑक्सीडेंट हैं जो कि शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है। तो, इसमें कुछ फ्लेवोनोइड्स, कैरोटेनॉयड्स और विटामिन सी भी होते हैं जो कि कई बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं। साथ ही इसका विटामिन बी 6 मूड स्विंग्स से लड़ रहे लोगों के लिए भी फायदेमंद होता है। पर आज हम आपको सीताफल के फायदे नहीं बल्कि, इनसे जुड़े कुछ लोकप्रिय मिथकों के बारे में बताएंगे, जिसके कारण लोग इन्हें खाने से बचते हैं। दरअसल, सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर ने हाल ही में इस लेकर 4 लोकप्रिय भ्रमों के बारे में बताया जिसके कारण लोग इसे खाने से बचते हैं, जबकि उस स्थिति में भी ये उनके लिए फायदेमंद है। तो, आइए न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर से जानें इन मिथकों के तथ्यों के बारे में। डायबिटीज में कुछ फल खाने को लेकर अक्सर मना किया जाता है पर ज्यादातर लोग इसके कारणों के बारे में नहीं जानना चाहते। सीताफल को लेकर भी कुछ ऐसी ही बात कही जाती है कि डायबिटीज में इसे खाने



से शुगर बढ़ जाता है और इसलिए ये नुकसानदेह है। जबकि न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर कहती हैं कि ये बात एक भ्रम है जबकि डायबिटीज में इसे खाना फायदेमंद है। रुजुता दिवेकर बताती हैं कि सीताफल (शरीफा) एक लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला फल है और डायबिटीज में इसे खाया जा सकता है। साथ ही मधुमेह रोगियों के लिए ये एक स्थानीय और मौसमी फलों है जिसे वे खा सकते हैं। 2. सीताफल बढ़ाता है मोटापा सीताफल खाने को लेकर लोगों को लगता है कि ये मोटापा बढ़ा सकता है। जबकि ऐसा नहीं है। रुजुता दिवेकर बताती हैं कि ये भ्रम है जबकि सीताफल में विट बी कॉम्प्लेक्स होता है जो कि, विशेष रूप से ब्लॉटिंग को कम करने में मदद करता है।

साथ ही ये फाइबर से भरपूर होता है जो कि मेटाबोलिज्म तो ठीक करता है और वजन घटाने में आसानी से मदद करता है। तो, सीताफल खाने से डरे नहीं कि ये आपका वजन बढ़ा देगा बल्कि आप इसे एक वेट लॉस सीताफल खाने को लेकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि ये दिल की बीमारियों वाले लोगों के नुकसानदेह है, पर ऐसा नहीं है।

# रावण के बाद अब रामायण के एक और फेमस कैरेक्टर का हुआ निधन



हाल ही में टीवी के फेमस धार्मिक शो रामायण के रावण यानी अरविंद त्रिवेदी ने इस दुनिया को अलविदा कहा।



उनके निधन से पूरे हर कोई दुखी था। अभी फैंस अरविंद त्रिवेदी के निधन के दुख से उबर भी नहीं पाए कि रामायण

## श्रीराम के दिल के बेहद था करीब

के एक और फेमस कैरेटर ने इस दुनिया को अलविद कह दिया है। जी हां, रामायण में भगवान राम के बचपन के मित्र निषाद राज का किरदार निभाने वाले एक्टर चंद्रकांत पंड्या अब इस दुनिया में नहीं रहे। चंद्रकांत के निधन की खबर रामायण की सीता यानी दीपिका चिखलिया ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को दी है। इस खबर हर किसी को हिला कर रख दिया है। दीपिका चिखलिया ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर निषाद राज यानी चंद्रकांत पंड्या की तस्वीर शेयर करते हुए लिए उनके निधन के बारे में बताया। इस खबस से फैंस ही नहीं बल्कि रामायण का हर कैरेक्टर बेहद दुखी है। आपको बता दें कि चंद्रकांत पंड्या को लोग प्यार से बबला नाम से भी बुलाते थे। चंद्रकांत का जन्म 1 जनवारी, 1946 को गुजरात राज्य के बनासकांठा जिला के भीलडी गांव में हुआ था। उनके पिता एक बिजनसमैन थे और बाद में वह गुजरात से आकर मुंबई में ही बस गए थे। वहीं चंद्रकांत का बचपन मुंबई में ही बीता और शिक्षा भी यही से पूरी हुई। चंद्रकांत पंड्या ने रामायण के अलावा कई फिल्मों और टीवी शोज में भी काम किया है। वहीं चंद्रकांत बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अमजद खान के परम मित्र थे। दोनों ने कॉलेज की पढ़ाई एक साथ पूरी की। चंद्रकांत को बचपन से ही नाटकों और एक्टिंग में काफी रुचि थी। इसी के चलते वह नाटकों में हिस्सा लेने लगे थे। इसी दौरान एक्टर उपेंद्र त्रिवेदी और अरविंद त्रिवेदी के साथ नाटकों में काम करने का मौका मिला। यहाँ से इन्होंने अभिनय करना शुरू किया। वहीं उन्हें पहला ब्रेक मिला गुजरती फिल्म फिल्म कडू मकरानी में। इस फिल्म में काम करने के बाद चंद्रकांत गुजराती फिल्म इंडस्ट्री के नामी अभिनेता बन गए। लेकिन रामायण में इनके निषाद राज के किरदार को कोई नहीं भूल नहीं सकता।

आपको बता दें कि रामायण सहित चंद्रकांत पंड्या ने करीब 100 से अधिक हिंदी और गुजराती फिल्में और धारावाहिकों में काम किया है।

# आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का दावा, बोले- ये टीम है T20 विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार




**नई दिल्ली:** भारत ने बुधवार को दुबई में अपने अंतिम अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया पर नौ विकेट से जीत दर्ज की और इसी के साथ टी20 विश्व कप की अपनी तैयारियों को टीम इंडिया ने और भी बेहतर किया। इस मैच में आस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़े रन स्कोरर रहे बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने मैच के बाद कहा कि भारत टी20 विश्व कप जीतने का हकदार है। स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ वार्मअप मैच में 48 गेंदों में 57 रनों की शानदार पारी खेली। स्मिथ ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, भारत एक शानदार पक्ष है, उन्होंने सभी आधारों को कवर किया है और टीम के पास कुछ गंभीर मैच विजेता खिलाड़ी हैं। वे सभी पिछले कुछ महीनों से इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के साथ इन परिस्थितियों में खेल रहे हैं। तो उन्हें इसकी आदत हो जाएगी। स्मिथ ने अर्धशतक बनाकर आस्ट्रेलिया को दुबई में पांच विकेट पर 152 रन बनाने में मदद की, लेकिन भारत के बल्लेबाजों ने 13 गेंद शेष रहते आठ विकेट से जीत हासिल कर ली। रोहित शर्मा (41 रन पर 60 रन) ने सलामी जोड़ीदार केएल राहुल (31 रन में 39 रन) के साथ शानदार शुरूआत दिलाई। इसी वजह से भारत ने 17.5 ओवर में आस्ट्रेलिया द्वारा दिए गए लक्ष्य को हासिल कर लिया। सूर्यकुमार यादव (27 रन पर नाबाद 38) कोहली की गैरमौजूदगी में तीसरे नंबर पर आए और उन्हें बीच में कीमती समय मिला, जिससे आगे चलकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा। हार्दिक पांड्या (8 रन पर नाबाद 14) मैच फिनिश करने के लिए चौथे नंबर पर आए। उधर, आस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की फार्म एक बड़ी चिंता बनी हुई है, क्योंकि सलामी बल्लेबाज को आर अश्विन ने एक रन पर ६ आउट कर दिया था। वार्नर, जिन्हें आइपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्ले से विफलताओं के बाद बाहर कर दिया था, अपनी पिछली चार पारियों में केवल तीन रन ही बना सके हैं। वहीं, स्टीव स्मिथ ने कहा है, मुझे लगता है कि मैं गेंद को वास्तव में अच्छी तरह से हिट कर रहा हूं। मैंने आइपीएल में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं, लेकिन मैंने नेट्स में बहुत समय बिताया है, चीजों पर काम किया है और परिस्थितियों के लिए अभ्यस्त हो रहा हूं।

# पाकिस्तान के खिलाफ टी 20 वर्ल्ड कप में कोहली का रिकार्ड है तूफानी

## 6 मैचों में 85 की औसत से बनाए हैं इतने रन




**नई दिल्ली:** टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत को पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है और जाहिर है इस मुकाबले में कप्तान विराट कोहली पर सबकी नजरें टिकी होगी। बतौर बल्लेबाज विराट कोहली का प्रदर्शन इन दिनों बहुत ज्यादा अच्छा नहीं रहा है और उनकी कोशिश होगी कि पाकिस्तान के खिलाफ वो एक बड़ी पारी खेलें और टीम की जीत में अपनी अहम भूमिका निभाएं। पाकिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल मैचों में विराट कोहली का प्रदर्शन बिल्कुल पावर पैक्ड रहा है और एक बार फिर से अगर विराट पिछले मैचों की तरह से खेल जाते हैं तो पाकिस्तान के लिए मुसीबत बन सकते हैं।

टी 20 इंटरनेशनल मुकाबलों में भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अब तक पाकिस्तान के खिलाफ कुल 6 मैच खेले हैं। छह मैचों की छह पारियों में 84.66 यानी लगभग 85 की औसत से 254 रन बनाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने छह मैचों में 2 अर्धशतकीय पारी खेली है और उनका स्ट्राइक रेट 118.19 का रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विराट कोहली इस वक्त टीम इंडिया की तरफ से टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और उन्होंने 16 मैचों में 9 अर्धशतक की मदद से 777 रन बनाए हैं। टी20 वर्ल्ड कप में उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 89 रन है। विराट कोहली भारत की तरफ से पिछले तीन टी20 वर्ल्ड कप में लगातार सबसे ज्यादा स्कोर बनाने का भी कमाल कर रहे हैं। साल 2012, 2014 और 2016 में उन्होंने ये कमाल किया था। साल 2012 में विराट कोहली ने 185 रन बनाए थे और पहले नंबर पर रहे थे तो हीं साल 2014 में 319 रन और साल 2016 में 273 रन बनाकर वो टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में टाप पर रहे थे।

# टी20 वर्ल्ड कप में दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी को नहीं खिलाएगी इंग्लैंड टीम




**नई दिल्ली:** अगर कोई कहे कि वनडे क्रिकेट टीम की प्लेइंग इलेवन से विराट कोहली या बाबर आजम को और टेस्ट टीम से जो रूट और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों को ड्राप कर दो तो आपको आश्चर्य लगेगा कि कोई नंबर वन खिलाड़ियों को कैसे ड्राप कर सकता है। हालांकि, टी20 विश्व कप 2021 में ऐसा हमको देखने को मिल सकता है, जब दुनिया के नंबर वन टी20 खिलाड़ी को बेंच पर बैठना पड़ सकता है। जी हां, हम बात कर रहे हैं कि दुनिया के नंबर वन टी20 बल्लेबाज डेविड मलान की। दरअसल, इंग्लैंड की टीम टी20 विश्व कप में शुरूआत के मैचों में डेविड मलान को बाहर रख सकती है। मलान इस समय आइसीसी टी20 रैंकिंग में दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज हैं और इंग्लैंड की टीम उनको बाहर बैठाने की प्लानिंग कर रही है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि इंग्लैंड की टीम संयोजन के कारण डेविड मलान को बाहर रख सकती है। वहीं, नंबर तीन पर उनके स्थान पर मोइन अली को मौका दे सकती है, जो गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी प्रभाव छोड़ रहे हैं।

# महंगे ईंधन को लेकर भाजपा के चुनावी नारों पर शिवसेना बोली ,

## आज कोई नहीं बोल रहा पेट्रोल सस्ता चाहिए कि नहीं ?



**मुंबईः** महाराष्ट्र में सत्ताधारी गठबंधन के दल शिवसेना ने पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों को लेकर मुखपत्र सामना के जरिए केंद्र की मोदी सरकार पर जुबानी हमला बोला है. सामना के सांपदकीय में लिखा गया है- पेट्रोल-डीजल की दरों में आए दिन होने वाली वृद्धि और उससे लगी महंगाई की आग ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है. देखते-ही-देखते पेट्रोल-डीजल की दरों ने सौ का आंकड़ा पार कर दिया और ईंधन में लगातार होनेवाली दर वृद्धि के कारण माल ढुलाई खर्च के सहज ही बढ़ने से सभी क्षेत्रों में महंगाई अपने हाथ-पांव पसार रही है. बीते तीन सप्ताह में तो लगभग सोलह बार पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ी हैं. लगातार होने वाली दर वृद्धि के कारण देश की जनता परेशान हो गई है.एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) मतलब हवाई सफर के लिए लगने वाले हवाई ईंधन की दरों को पछाड़ते हुए बाइक और कार के ईंधनों की दर ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है. हवाई परिवहन के ईंधन की दर एक लीटर के लिए 79 रुपए है और सड़क परिवहन के वाहनों के ईंधन की दर 105 से 115 से अधिक हो गई है. दुपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए लगनेवाले पेट्रोल-डीजल की दर हवाई ईंधन से थोड़ी-बहुत नहीं, बल्कि 30 फीसदी महंगी हो गई है. मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई आदि महानगरों में और पूरे देश के कोने-कोने में थोड़े-बहुत अंतर के साथ पेट्रोल-डीजल की कीमतें एक जैसी ही हैं. सामना में भाजपा पर जुबानी हमला करते हुए लिखा गया है- कांग्रेस के शासन में पेट्रोल-डीजल की दर वृद्धि को लेकर देशभर में आंदोलन करके गला फाड़ने और शोर मचाने वाले लोग आज सत्ता में हैं. लेकिन उनके होंठ आज सिल गए हैं. गली से दिल्ली तक पेट्रोल दर वृद्धि के खिलाफ रणक्रंदन करने वाली भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की टोली आज मुंह पर ताला लगाए चुप बैठी है. पेट्रोल-डीजल की दर वृद्धि के खिलाफ कोई भी एक शब्द बोलने को तैयार नहीं है.भाजपा के चुनावी नारों का संदर्भ देते हुए शिवसेना में लिखा गया है- पेट्रोल-डीजल सस्ता चाहिए कि नहीं चाहिए? ऐसा सवाल चुनाव के प्रचार सभा में उठाने वाली भाजपा ने दिल्ली की सत्ता हासिल की, उस समय देश में पेट्रोल की कीमत 72 रुपए तो डीजल 54 रुपए प्रति लीटर की दर से बेचा जा रहा था. आज पेट्रोल-डीजल सौ के पार पहुंच गया है सामना में महंगाई के मुद्दे पर लिखा गया है - ईंधन की यह हवा-हवाई दर वृद्धि आम जनता की कमर तोड़ रही है. बहुत हो गई महंगाई की मार ऐसी घोषणा करके सत्ता में आई सरकार द्वारा किया गया यह चमत्कार है. हमारे ही द्वारा बुलाई गई इस मार को चुप रहकर सहने के अलावा जनता के हाथ में और क्या बचा है?




## सीएम उद्धव ठाकरे और डिप्टी सीएम अजीत पवार ने दी शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और डिप्टी सीएम अजीत पवार ने पुलिस स्मृति दिवस पर आज मुंबई में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए पुष्पांजलि अर्पित की।

अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस कर्मियों को याद करने के लिए देश हर साल पुलिस स्मृति दिवस मनाता है। 2019 में कोरोना महामारी के प्रकोप के बाद से, राज्यों के पुलिस अधिकारी स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ कदम से कदम मिलाकर सेवा कर रहे हैं। यह दिन 1959 में चीनी गोलीबारी में अंतिम सांस लेने वाले दस पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद करता है।

21 अक्टूबर, 1959 को चीनी सैनिकों ने लद्दाख में बीस भारतीय सैनिकों पर गोलियां चलाई और हथगोले फेंके थे। इसमें दस पुलिस अधिकारियों शहीद हो गए थे और सात गंभीर रूप से घायल हुए थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवालाा के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net